## संक्षिप्त

### दो ट्रैक्टर-ट्रोली जप्त

**निवाई ।** बरौनी पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक डंपर एवं दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जप्त किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजर्षी राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी, पुलिस वृत्ताधिकारी इंदु लोदी के निर्देशानुसार अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर पुलिस सहायक उप निरीक्षक सीताराम मय जाप्ते के गस्त करने के दौरान सराय पुरानी बनास नदी पुलिस थाने के समीप अवैध बजरी से भरे हुए एक डंपर को जप्त किया है। इसी प्रकार गांव करीरिया से भी अवैध बजरी से भरे एक ट्रैक्टर ट्रोली को जप्त किया है। इसी प्रकार हेड कांस्टेबल राजेश कुमार मय जाप्ते के गस्त के दौरान गांव नोहटा मोड से भी बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया है।

### घट यात्रा निकाली

**मालपुरा** (निस) जैन आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज के आर्शीवाद से मुनी बालाचार्य निपूर्ण नन्दी महाराज ससंघ के सानिध्य मे मंगलवार को जैन समाज ने घट यात्रा निकाली। घट यात्रा के साथ ही वृद्ध भक्ताम्बर महामंडल विधान का शुभारम्भ हुआ। विधान आचार्य मनीष पंडित व मनोज कुमार जैन के निर्दशन मे पारसनाथ जैन मंदिर मे विधान कार्यक्रम शुरू किये गये।

# कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए चौकस रहे : एस.पी.

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने मंगलवार को पुलिस लाईन में जिले की मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिला पुलिस अधीक्षक ने जिले के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त से पेश आने के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए चौकस रहे तथा जिले भर में अवैध खनन पर अंकुश लगाये और अनैतिक कार्यो पर भी रोक लगे।

> ■ 'जिले भर में अवैध खनन पर अंकुश लगाये और अनैतिक कार्यो पर भी रोक लगे'

पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में कहा कि जिले भर में क्राईम कन्ट्रोल के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। अवैध बजरी खनन पर अंकुश लगाने के लिए भी पुलिस तत्पर है। बढ़ती चोरियों पर कहा कि चोरियां रोकने के पूरे प्रयास किये जायेगें, हमने चोरियां पकड़ी भी है।



टोंक पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

साईबर क्राईम पर अब तत्काल कार्यवाही की जा सकेगी, जिसे साईबर क्राईम भी रोक लगेगी।

इस दौरान वृताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद, थाना कोतवाली जितेन्द्र सिंह, पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह, सदर टोंक प्रभारी बृजमोहन कविया, वृताधिकारी निवाई महावीर सिंह, निवाई थानाधिकारी जगदीश मीना, वृताधिकारी पीपलू इन्दु लोदी, थानाधिकारी पीपलू जयमल सिंह, थाना अधिकारी बरोनी ओमप्रकाश, वृताधिकारी मालपुरा चक्रवृति सिंह, लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी हरिराम वर्मा इत्यादि पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नई सड़क बनाने की मांग

**पावटा।** कस्बे के घंटाघर की तरफ से पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए वार्डवासियों ने नवीन मार्ग बनाने की मांग की है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के पावटा कस्बे में घंटाघर मुय मार्ग से होते हुए एक मुय मार्ग है ज्यों कि महिलाओ व मरीजो के लिए पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने का छोटा व मुय रास्ता है जो पूरी तरह से जर्जर है ।

वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने का यह मुय व छोटा रास्ता है। जिससे महिलाओ व आसपास के लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसी मार्ग में पावटा विद्युत विभाग में आसपास के गांव के बिजली उपभोक्ता आते जाते रहते हैं। वही इसी रास्ते से पढने वाले छात्र छात्राएं आवागमन करते हैं। गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीडा के दौरान इसी मार्ग से अस्पताल ले जाया जाता है। इस रास्ते की हालत इतनी जर्जर और खराब है जिस पर प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं जा रहा है। बरसात के समय में रास्ता इतना खराब होता है कि अस्पताल जाने वाले और विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अभी वर्तमान समय में भी यह रास्ता इतना खराब है कि आवागमन करने वाले राहगीरों और छात्रों को परेशानी का सामना करना पडता है।

# गोसेवा कर बेटी का जन्मदिन मनाया



मुंशीलाल सैनी व पिंकी सैनी ने गौशाला में गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाकर अपनी बेटी लतिका का जन्मदिन मनाया।

**पावटा ।** एक तरफ जहां लोग अपने बच्चों का जन्मदिन में घरों व रेस्टोरेंटों में मनाकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करने में पीछे नहीं है। वहीं दूसरी तरफ मुंशीलाल सैनी व पिंकी सैनी ने अपनी बेटी लतिका का जन्मदिन गौशाला में गोमाता के संग मनाकर एक अनूठी मिसाल कायम की है। वह अपने परिवार के साथ बेटी लतिका का जन्मदिन मनाने जोधपुरा नदी स्थित गौशाला पहुंचे और बडे चाव से गायों व बछडों की सेवा की। उन्हें गुड, हरा चारा खिलाकर बेटी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान पिता मुंशीलाल सैनी व माता पिंकी सैनी ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति को छोड अब लोगों को भारतीय परपरा का निर्वहन करना चाहिए। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर बेटी लतिका, पिता मुंशीलाल सैनी, माता पिंकी सैनी, रिंकू थालोड, रामसिंह धनकड, महेंद्र सैनी सहित गौ सेवक मौजूद रहे।


**fincare** Small Finance Bank

**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **12 December 2023 between 10:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)**

**BANSWARA** - 23660000284363 | **CHITTORGARH** - 23660000877938 | **JAIPUR** - 23660000281799 23660000299745 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 23660000206493 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 23660000195991 23660000241315 23660001030365 23660001315280 23660001415032 | **LAXMANGARH** - 23660001224311 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank


## सशस्त्रा सेना झण्डा दिवस कल

**अलवर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय अलवर में 7 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सशस्त्रा सेना झण्डा दिवस मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सशस्त्रा सेना झण्डा दिवस वीर सैनिकों की याद व उनके सम्मान में 7 दिसम्बर को पूरे भारत वर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जिन्होंने देश की रक्षा, एकता तथा अखण्डता के लिए विभिन्न युद्धों के दौरान अपने प्राणों की आहूति दी है एवं राष्ट्र की सीमा की रक्षा करने के दौरान आतंकवादी एवं विघटनकारी शक्तियों से देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोहा लेते हुए इनमें से अनेकों सैनिक अपंग भी हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि वार्षिक झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में एकत्रित की हुई राशि का उपयोग इन शूरवीर योद्धाओं व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए किया जाता है। उन्होंने जिले के सभी पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं दानदाताओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

# किसान कृषि में नवीनतम तकनीक अपनाएं : कलेक्टर

**टोंक।** बम्बोर गेट स्थित कृषि तकनीकी ज्ञान संदर्भ केन्द्र आत्मा सभागार में विश्व मृदा दिवस पर मंगलवार को जिला कलेक्टर डा. ओमप्रकाश बैरवा की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें कृषि में नवीनतम तकनीकी अपनाने पर जोर दिया।

जिला कलेक्टर डा. ओम प्रकाश बैरवा ने कार्यशाला में प्रगतिशील कृषको को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान कृषि की नई तकनीक अपनाऐं, वैज्ञानिको द्वारा किये जा रहे नवाचारो के माध्यम सें कम लागत में अधिक उत्पादन वाली फसले पैदा कर अपने जीवन स्तर को सुधारे, विश्व मृदा दिवस सें हमें संकल्प लेना होगा कि हम मृदा में अंधाधुन्ध उर्वरक एवं कीटनाशी का उपयोग करने से बचे एवं मृदा प्रयोगशाला द्वारा वैज्ञानिको द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार ही उर्वरक खेतो में प्रयोग करे एवं मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जैविक खेती को अपनाएं एवं मृदा को दूषित होने बचाने का प्रयास करे एवं अन्य लोगो को भी प्रेरित करें।कार्यशाला में इफको के उपमहाप्रबन्धक अजय गुप्ता ने कहा कि नैनो तकनीक का प्रयोग कृषि में किया जाने लगा है ,जिसके तहत नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उत्पाद बाजार में आने लगे है, इन उत्पादों का वैज्ञानिको द्वारा दी गई तकनीक के आधार पर उपयोग में लेने पर फसलो के उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी, संयुक्त निदेशक के. के. मंगल ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा वर्तमान में फार्म पौण्ड,सिचाई पाइपलाइन ,फव्वारा संयन्त्र,फलो के बाग की स्थापना,सौर ऊर्जा,प्याज भण्डारण की योजनाओ का ऑनलाइन करके अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं , उप निदेशक कृषि एवं परियोजना निदेशक आत्मा दिनेश कुमार बैरवा नें कृषक प्रशिक्षण एवं कृषक भ्रमण, उपनिदेशक उद्यान राजेन्द्र कुमार सामोता ने उद्यान विभाग की योजनाओ की विस्तार से जानकारी दी। कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने बताया कि जिला कलेक्टर डा. ओम प्रकाश बैरवा ने इस अवसर पर जिले के 10 प्रगतिशील कृषको को मृदा स्वास्थ्य कार्ड कृषको को वितरित किये। इस अवसर पर सहायक निदेशक रामपाल शर्मा, कृषि अनुसंधान अधिकारी डा. नीलम यादव, कृषि अधिकारी रिपुदमन सिंह, कृषि अनुसंधान अधिकारी अरविन्द कुमार जांगीड, सहायक कृषि अधिकारी हनुमान मीणा, कृषि पर्यवेक्षक सुनिता मीणा, सुमन जाट, छवि गुर्जर, कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक कृष्ण मोहन टाटावत, रतन लाल शर्मा, रामराज मीणा, शंकर सिंह, कल्ला बलाई आदि मौजूद थे।

## निवाई में प्रशिक्षण आयोजित

**निवाई।** सिकोईडिकोन एवं आई पार्टनर के सहयोग से रक्षण परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरस में ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी विकसित करने हेतु एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन राजीव गांधी सेवा केंद्र सिरस में किया गया जिसमें सरपंच शिवजीराम जाट, एलडीसी बाबूलाल रैगर, ग्राम विकास अधिकारी किशन नट, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अध्यापिका ममता सैनी, अर्चना व मोबिलाइजर की भागीदारी रही। कार्यशाला में संस्था कार्यकर्ता सोनू चौधरी ने आगामी जीपीडीपी प्लान 2024 के मुद्दों की प्राथमिकता एवं मानवीय विकास के मुद्दों को प्लान में जुड़वाने पर चर्चा करते हुए समूह अभ्यास करके मुद्दों की प्राथमिकता की पहचान की गई। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास योजना के लिए सरकार ने 9 थीम पंचायत के विकास के लिए बाल हितेषी पंचायत बनाने के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक जिला जयपुर (राज.)**

E-Mail : sambharnagarpalika@gmail.com, Phone: 01425-228245

क्रमांक-न.पा.सा./भू.वि./2023/3247 दिनांक-30.11.2023

**भूमि नीलामी सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र के नवींन न्यायालयों के पास सांभर-नावां बायपास सड़क मार्ग पर स्थित निकाय की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना "जागेश्वर विहार" सांभर लेक में स्थित आवासीय /व्यावसायिक भूखण्डों का नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साईज अनुसार निम्नांकित दिवसों में विक्रय किये जायेंगे। जिसकी विस्तृत जानकारी मय मानचित्र कार्य दिवसों में कार्यालय में देखा जा सकता है। उक्त निलामी निर्धारित दिनॉक को दोपहर 02:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक जरिये आम निलामी से विक्रय किये जायेंगे। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होगें उसी स्थिति में विक्रय किये जायेगें। जिनका विवरण निम्न है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्ड/दुकान संख्या | नाप क्रमशः (भूखण्ड संख्या अनुसार वर्गगज में) | तादाद | आवासीय/ व्यावसायिक | धरोहर राशि प्रति भूखण्ड/ दुकान | निलामी तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जागेश्वर विहार | S-1 to S-7 | 21.91, 21.52, व.ग. 21.52, 21.52, व.ग. 21.52, 21.52 व.ग. 21.52 व.ग. | 07 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 22.12.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| | | 41 to 43 | 86.03, 86.03 व.ग. 86.50 व.ग. 03 प्लाट आवासीय | | | 10,000 | | |
| | | | दुकान संख्या एस-01 से एस-03 तक व एस-04 से एस-05 व एस-06 से एस-07 की बोली एक साथ क्रमवार ही लगाई जावेगी। | | | | | |
| 2 | जागेश्वर विहार | S-8 to S-13 | 21.52, व.ग. 21.52., 21.52, व.ग. 21.52, 21.52, व.ग., 21.52 व.ग. | 06 दुकान | व्यावसायिक | 25,000 | 26.12.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| | | 381 to 40 | 86.03, 86.03 व.ग. 86.03 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| | | | दुकान संख्या एस-08 से एस-09 तक व एस-10 से एस-11 व एस-12 से एस-13 की बोली एक साथ क्रमवार ही लगाई जावेगी। | | | | | |
| 3 | जागेश्वर विहार | S-14 to S-19 | 21.52, 21.52 व.ग., 21.52, 21.52, व.ग., 21.52, 25.72 व .ग. | 06 दुकान | व्यावसायिक | 25,000 | 28.12.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| | | 35 to 37 | 122.87, 86.03, व.ग. 86.03 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| | | | दुकान संख्या एस-14 से एस-15 तक व एस-16 से एस-17 व एस-18 से एस-19 की बोली एक साथ क्रमवार ही लगाई जावेगी। | | | | | |
| 4 | जागेश्वर विहार | S-20 to S-26 | 25.95, 21.52,व.ग., 21.52, 21.52, व.ग., 21.52, 21.52 व .ग., 20.66 व.ग. | 07 दुकान | व्यावसायिक 25,000 | | 29.12.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| | | | दुकान संख्या एस-20 से एस-21 तक व एस-22 से एस-23 व एस-24 से एस-26 की बोली एक साथ क्रमवार ही लगाई जावेगी। | | | | | |
| | | 32 to 34 | 98.68, 75.21, व.ग. 65.19 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 5 | जागेश्वर विहार | 25 to 31 | 129.78, 96.79, व.ग., 96.79 96.79,व.ग., 96.79, 96.79 व .ग., 152.63 व.ग. | 07 दुकान | व्यावसायिक | 10,000 | 02.01.2024 | दोपहर 02.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 6 | जागेश्वर विहार | 18 to 24 | 98.86, 96.79, व.ग. 96.79 96.79, व.ग. 96.79 96.79 व .ग., 153.32 व.ग. | 07 दुकान | आवासीय | 10,000 | 04.01.2024 | दोपहर 02.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |

**निलामी शर्तें-**

1. बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को उक्त धरोहर (अमानता) राशि नकद जमा करवाना अनिवार्य होगा।
2. यह भूमि विक्रय राज.न.पा. भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम से संशोधन 2 के 2019 व उसके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही है।
3. जिस व्यक्ति के नाम अमानता राशि की रसीद कटेगी पालिका द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जायेगा नाम में किसी प्रकार का संशोधन नही किया जायेगा।
4. उच्चतम बोली लगाने वाले को निलामी की दिनाँक से तीन कार्य दिवसों के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयसीमा के भीतर उक्त राशि जमा कराने में विफलता के कारण बोलीदाताओं द्वारा जमा करवायी गई अमानता राशि जब्त कर ली जायेंगी और भूमि की निलामी स्वचालित रूप से रद्द मानी जावेगी।
5. बकाया 35 प्रतिशत राशि निलामी तिथि से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा। विफल क्रेता है तो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनों में या विस्तारित समयावधि के भीतर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।
6. जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर व्यावसायिक की 5 प्रतिशत व आवासीय की 2.50 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।
7. डीड लीज शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसके स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय क्रेता का होगा।
8. बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता / अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांभर लेक के पास सुरक्षित रहेगा। जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
9. भूमी को मानचित्र एवं शर्ते प्रतिबन्धों व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
10. उपरोक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी
11. सफल बोली दाता 180 दिन में 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा यदि बोली दाता डिमांण्ड नोटिस की तारिख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि करवाता है तो 1 प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी
12. यदि निलामी तिथि के दिन कोई भी राजकीय अवकाश होता है तो निलामी उसके अगले दिन की जायेगी।
13. दुकानों की नीलामी बोली पालिका की व्यावसायिक नजूल दर से प्रति वर्गगज के हिसाब से चालू होगी।
14. दुकानों के नक्शे तथा अन्य जानकारी के लिए पालिका में कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। 15. कॉनर भूखण्ड कि धरोवर राशि 15 हजार जमा करवानी होगी।

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका सांभर लेक**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका सांभर लेक**


# अवैध मांस की दुकानों व अतिक्रमणों पर कार्रवाई की चेतावनी

**मालपुरा** (निस) विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम जारी होने के बाद राजस्थान मे कांग्रेस सरकार की विदाई व बहुमत के साथ प्रदेश मे आई भाजपा की सरकार के बाद मालपुरा मे भाजपा की पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने भी अपने तैवर बदलते हुए मंगलवार को तीन अलग-अलग आदेश जारी कर सरकारी भूमि पर काबिज अतिक्रमियो व शहर मे चल रही अवैध मांस की दुकानो पर कार्यवाही को लेकर सात दिवस का नोटिस जारी कर कार्यवाही की सख्त चेतावनी देने से शहर मे खलबली मच गई।

पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने जारी आदेशो मे दर्शाया कि शहर मे रिक्त पडी नगरपालिका की करोडो रूपयो की बैसकिमती जमीनो पर विधानसभा चुनाव आचार संहिता की आड मे प्रभावशाली लोगो व भूमाफियाओं ने जगह-जगह कब्जे कर सरकारी भूमि को खुर्द-बुर्द कर दिया है। अतिक्रमणो की लगातार मिल रही शिकायतो को गंभीरता से लेते हुए पालिका अध्यक्ष ने अतिक्रमियो को सात दिन का सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्वंय अतिक्रमण नही हटाने पर अभियान चला पालिका अधिनियम 2009 के तहत सख्त कार्यवाही अम्ल मे लाई जाने तथा अभियान का सम्पूर्ण खर्चा सम्बन्धित अतिक्रमी से वसुलने की चेतावनी दी है। पालिका के इस चेतावनी भरे नोटिस के बाद भूमाफियाओं व अतिक्रमियो मे खलबली मच गई। मंगलवार को बडी संख्या मे शहर के विभिन्न कोनो मे करोडो की जमीन पर काबिज अतिक्रमी पालिका कार्यालय के ईर्द-गिर्द मंडराते नजर आये। तो इन प्रभावशाली अतिक्रमियो के साथ कई जनप्रतिनिधि भी देखे गये जो कि शहर मे चर्चा का विषय बना रहा। आचार संहिता के दौरान शहर के अजमेर रोड पर एक आवासीय कॉलोनी के आम रास्ते पर मुख्य सडक किनारे बडे भाग पर पक्का निर्माण करवा काबिज हुए अतिक्रमी को लेकर शहर मे चर्चाओ का दौर शुरू हो गया। उक्त मामले मे एक जनप्रतिनिधि की भूमिका होने के साथ-साथ अतिक्रमी को दबंगो का संरक्षण होने तथा पालिका कर्मचारियो से ही सांठ-गांठ कर नियमो के विरूद्ध दस्तावेज तैयार करवाये जाने की भी चर्चाऐ सुर्खियो मे है। यहां तक की जारी दस्तावेजो पर पालिका अध्यक्ष के हस्ताक्षर व पालिका के डिस्पेज रजिस्टर मे कोई इंद्राज नही होने तथा समाचार पत्र मे सार्वजनिक सुचना भी प्रसारित नही होने की चर्चाऐ बैहद सुर्खियां बनी हुई है। वही दुसरे नोटिस मे पालिका अध्यक्ष ने शहर मे धार्मिक स्थलो के पास तथा घनी आबादी के बीच मुख्य सडक किनारे चल रही अवैध मांस, मीट की दुकानो पर भी खाद एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के अन्तर्गत मीट विक्रय करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के बगैर ही संचालित दुकानो पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

# विधायक रामविलास मीणा ने संगठन महामंत्री से की भेंट

**लालसोट।** विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा द्वारा जयपुर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर से मुलाकात की गई। इस मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी एवं संगठन महामंत्री चंद्रशेखर द्वारा भाजपा के लालसोट विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा को बधाई भी दी गई।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा से मिशन 2024 को लेकर डबल इंजन की सरकार बनने पर कार्य करने के लिए कहां गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष जोशी द्वारा नवनिर्वाचित विधायक से लालसोट विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक समीकरणों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने नवनिर्वाचित विधायक मीना से कहा कि वे विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति के अनुसार कार्य करें एवं स्वच्छ छवि ईमानदारी से कार्य करते हुए लोगों के दिल में भाजपा के लिए ज्यादा से ज्यादा और ज्यादा जगह बनाने के लिए कार्य करते रहे। वही प्रदेश अध्यक्ष जोशी द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी को 47 हजार से ज्यादा वोटो से जीत होने पर पीठ भी थपथपाई गई। इसी दौरान संगठन महामंत्री चंद्रशेखर द्वारा भी नवनिर्वाचित विधायक मीना की होसालाफजाई करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को ज्यादा मजबूत करने के साथ क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के संगठन मे कार्यकर्ता बढ़ाने के लिए भी कहा गया। संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने नवनिर्वाचित विधायक मीना से कहा कि आगामी 2025 के लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कले एवं कार्यकर्ताओं को संगठित कर केंद्र में दोबारा से डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए कार्य शुरू कर दे। इस दौरान खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता सेवानिवृत आईएएस ब्रजमोहन मीणा आदि भी मौजूद रहे।



लालसोट विधायक ने भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर व अन्य नेताओं से मुलाकात की।